झारखण्ड सरकार

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

**(उच्च शिक्षा निदेशालय)**

योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002 (झारखण्ड)

पत्रांक–02 / वि०1–104 / 2017– 25 राँची / दिनांक 04/01/2024

प्रेषक,

**गरिमा सिंह, भा.प्र.से.**
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

**कुलसचिव,**
राँची विश्वविद्यालय, राँची,
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग,
सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका,
नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू,
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा,
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद,
डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची,
जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, जमशेदपुर।

विषयः– **राज्य के बी०एड० महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023–25 के लिए रिक्त सीटों पर नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ करने के संबंध में।**

प्रसंगः– झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद, राँची का पत्रांक–1345 दिनांक–26.12.2023

महाशय / महाशया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि राज्य के बी०एड० महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023–25 के लिए रिक्त सीटों पर नामांकन विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए किया गया। उक्त नामांकन प्रक्रिया समाप्ति के बावजूद झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद, राँची के द्वारा सूचित किया गया है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत कतिपय महाविद्यालयों में लगभग 2288 सीटे रिक्त रह गई हैं। अतः उक्त रिक्त सीट एवं छात्रहित को देखते हुए शैक्षणिक सत्र 2022–24 की भांति ही शैक्षणिक सत्र 2023–25 के लिए काउंसिलिंग के बाद रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु निम्नांकित कार्रवाई करने का दिशा–निर्देश दिया जाता हैः–

(क) माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में रिक्त सीटों को भरने हेतु दिए गए मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए JCECEB, Ranchi द्वारा तैयार किये गये अभ्यर्थियों के मेरिट लिस्ट में से जिन अभ्यर्थियों ने नामांकन करा लिया है, उन्हें छोड़कर शेष अभ्यर्थियों के मेरिट लिस्ट को Waiting-list (Deemed) मानते हुए मेरिट एवं राज्य सरकार के अद्यतन आरक्षण नियम का पालन करते हुए नामांकन हेतु Wait listed अभ्यर्थियों को सीधे इच्छुक बी०एड० महाविद्यालयों में कोटिवार रिक्त सीटों के विरुद्ध मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन की छूट दिया जाए।

(ख) नामांकन प्रक्रिया पालन करते हुए राज्य स्तरीय प्रमुख समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में लगातार 03 दिनों तक (हिन्दी एवं अंग्रेजी) संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कर Wait listed अभ्यर्थियों को इसकी सूचना दी जाए। 07 दिनों के अंदर अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार संबंधित बी०एड० महाविद्यालय में आवेदन CML ranking के साथ समर्पित करेंगे। प्राप्त आवेदनों के

आधार पर प्रत्येक बी॰एड॰ महाविद्यालय मेरिट लिस्ट के अनुसार नामांकन सूची निर्गत करते हुए इसके आधार पर अगले एक सप्ताह में नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) उपर्युक्त नामांकन के बाद भी यदि किसी अभ्यर्थी का नामांकन अपने इच्छानुसार संस्थान में नहीं हो पाता है और किसी अन्य महाविद्यालय में सीट रिक्त है, तो वह एक सप्ताह के अंदर किसी भी महाविद्यालय में नामांकन करा सकता है। इसके लिए CML ranking का अनुसरण आवश्यक नहीं होगा।

(घ) नामांकन प्रक्रिया के समय पारदर्शिता हेतु संबंधित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि भी सम्मिलित रहेंगे।

(ङ) किसी स्तर पर गड़बड़ी पाये जाने पर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि एवं संबंधित बी॰एड॰ महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या दोषी माने जायेंगे।

(च) उक्त नामांकन में आरक्षण संबंधी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत अद्यतन संकल्प लागू होगा।

(छ) झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद, राँची का यह दायित्व होगा कि राज्य के बी॰एड॰ महाविद्यालयों में नामांकन के प्रत्येक चरण की अद्यतन प्रतिवेदन संधारित करेंगे।

**सुलभ संकेत हेतु झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद, राँची से प्राप्त विभिन्न विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत कतिपय महाविद्यालयों में नामांकित एवं रिक्त सीटों की विवरणी संलग्न है।**

विश्वासभाजन

**अनु0**–यथोक्त।

**(गरिमा सिंह)**
निदेशक, उच्च शिक्षा।

R.2011

# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010
e-mail id: jceceb@gmail.com
Phone no.: 9264473891

पत्रांकः जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/92/22 – 1345 ,राँची/दिनांक : 26/12/2023

प्रेषक,

**अंजली यादव,** भा0प्र0से0
परीक्षा नियंत्रक।

सेवा में,

**निदेशक (उच्च शिक्षा),**
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
झारखण्ड मंत्रालय, योजना भवन, नेपाल हाउस परिसर,
डोरण्डा, राँची।

विषयः **राज्य के मान्यता प्राप्त बी0एड0 महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र–2023–25 में नामांकनोंपरान्त रिक्त सीटों के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य के मान्यता प्राप्त बी0एड0 महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र–2023–25 में नामांकन की अनुशंसा हेतु आयोजित विशेष साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरान्त कुल 2288 सीटें रिक्त रह गई हैं।

शैक्षणिक सत्र–2023–25 में रिक्त रह गये सीटों की संस्थान–वार, कोटि–वार एवं कोटा–वार विवरणी संलग्न कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

**अनुलग्नकः यथोक्त।**

विश्वासभाजन,
26/12/23

**(अंजली यादव)**
परीक्षा नियंत्रक

निदेशक कोषांग
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
झारखंड, राँची
(उच्च शिक्षा निदेशालय)
गै॰स॰प्रे॰सं॰ 5500
पत्र प्राप्ति दि॰ 27/12/23
पत्र निर्गत दि॰........